सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/78 दिनांक : 21–4–2017

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20–4–2017 को अपमा के सहयोग से कश्मीरी गेट थानाध्यक्ष श्री मंगेश गेदम जी के अनुरोध पर वरदान हाऊस चौक पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपमा के पूर्व प्रधान श्री नरेन्द्र मदान जी, श्री चन्द्र ओबराय जी, श्री वी.ए. दीवान जी, निवर्तमान प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी, प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी, महासचिव श्री विष्णु भार्गव जी, सचिव श्री उमेश सेठ जी, संयुक्त सचिव श्री पूरन चन्द गुप्ता जी, मनोरंजन उपसमिति के चेयरमैन श्री धीरज मलिक जी एवं अपमा कार्यकारिणी सदस्य श्री सुभाष बजाज जी ने भाग लिया।

बैठक में थानाध्यक्ष श्री मंगेश गेदम जी ने ठेलेवालों, झल्लीवालों एवं रिक्शा ठेला वालों को बताया कि आजकल दिल्ली में एक गिरोह सक्रिय है जो कि आपको लालच के तौर पर खाने–पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर देते है जिसको खाकर कुछ देर बाद ही खाने वाला व्यक्ति बेहोश हो जाता है इसका फायदा उठाकर गिरोह के सदस्य ठेले, झल्ली एवं रिक्शा में रखे सामान को लेकर भाग जाते है, इसलिए ऐसे अनजान व्यक्तियों से सावधान एवं सर्तक रहें, इनसे किसी प्रकार की खाने–पीने की कोई भी चीज न ले। इसके बाद थानाध्यक्ष श्री गेदम जी ने कुछ सुझाव बताये कि कैसे अपने आपको एवं ठेले, झल्ली एवं रिक्शा ठेला में रखे सामान को सुरक्षित रख सकते हैं।

कृ0प0उ0..............2

1. किसी भी अनजान व्यक्ति से किसी प्रकार की कोई खाने–पीने की चीज न ले जैसे कि बिस्कुट, कोल्डड्रिंक, पानी या प्रसाद के नाम पर दी गई कोई भी खाने पीने की वस्तुएं।
2. यदि ठेले में सामान ले जाते वक्त कोई संदिग्ध व्यक्ति रास्ते में दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरन्त अपने मालिक को दे एवं 100 नम्बर पर पुलिस को सूचित करे।
3. यदि मार्किट में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी फोटो खीच कर उसको थाने में दे, सूचना देने वाले व्यक्ति को पहचान गुप्त रखी जाऐगी तथा उससे किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं होगी।
4. दुकान से ठेले पर सामान रखते वक्त ठेले को अकेला ना छोड़े, ठेले के पास अपना एक आदमी को ठेले के पास खड़ा करके जाए ताकि वह व्यक्ति आपके ठेले और सामान की सुरक्षा कर सकं।

बैठक में श्री नरेन्द्र मदान जी ने कहा कि यदि कोई गिरोह का सदस्य ठेले से कोई सामान लेकर जाता है तो उसके पीछे भागने से पहले सुनिश्चित कर लें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि कोई दूसरा साथी आपका पूरा का पूरा ठेला लेकर ना भाग जाए तथा ठेले वालों को यह भो बताया कि आप संख्या में इतने अधिक है यदि आप सब मिलकर उस व्यक्ति को घेर ले तथा पुलिस को सूचित कर दें तो भविष्य में कभी कोई भी उठाईगिरा ऐसा करने की हिम्मत नहीं करेगा।

व्यापारी भाईयों आप तो जानते हैं कि हमारे बाजारों में पहले से इतना अधिक Rush है कि कभी कभी तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है परन्तु हिम्मत है इन ठेले रिक्शा वालों की जो इतनी गर्मी में उपर तक ठेला भरकर चलते है और कभी कभी इस वजह से उनकी हमारे व्यापारी भाईयों के साथ बहस तक भी हो जाती है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप थोड़ा सा संयम जरूर बरते और हो सके तो उन्हें पहले निकलने का मौका देंवे, आपके इस प्यार से उनकी कार्यकुशलता ओर बढ़ेगी।

आप सभी व्यापारी भाईयों से अनुरोध है कि आपके पास इस विषय से संबंधित कोई सुझाव हो तो आप अवश्य लिखकर भेजें।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव